गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020

10.02.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

"तिमाही-दर-तिमाही आधार पर वित्त वर्ष 20 की तृतीय तिमाही में गेल का कर पश्चात् लाभ 18% की बढ़ोत्तरी के साथ 1,251 करोड़ रुपए हुआ, कर पूर्व लाभ 22% बढ़ोत्तरी के साथ रु.1,872 करोड़ हुआ; सकल मार्जिन 19% की बढ़ोत्तरी के साथ रु.2,385 करोड़ रहा" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

अनिल झा.

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

तिमाही-दर-तिमाही आधार पर वित्त वर्ष20 की तृतीय तिमाही में गेल का कर पश्चात् लाभ 18% की बढ़ोत्तरी के साथ 1,251 करोड़ रुपए हुआ

कर पूर्व लाभ 22% बढ़ोत्तरी के साथ रु.1,872 करोड़ हुआ; सकल मार्जिन 19% की बढ़ोत्तरी के साथ रु.2,385 करोड़ रहा

नई दिल्ली, फरवरी 10, 2020 : गेल ने वित्त वर्ष20 की द्वितीय तिमाही के रु.1,064 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष20 की तृतीय तिमाही में 18% की बढ़त के साथ रु.1,251 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) दर्ज किया। कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 22% की बढ़त के साथ रु.1,872 करोड़ रुपए रहा और सकल मार्जिन 19% की बढ़त के साथ रु.2,385 करोड़ रहा। यह वृद्धि गैस विपणन और एलएचसी में बेहतर कार्य निष्पादन का परिणाम है।

वित्त वर्ष20 की द्वितीय तिमाही में रु.18,010 करोड़ की तुलना में वर्तमान तिमाही में कंपनी का कारोबार रु.17,735 करोड़ पर रहा जो कि मुख्यत: गैस संचरण, गैस ट्रेडिंग, एलपीजी संचरण और एलएचसी कारोबार की मात्रा में वृद्धि के कारण हुआ जिससे पेट्रोकेमिकल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में गिरावट निष्प्रभावी रही।

दिसंबर 2019 को समाप्त नौ महीने की अवधि में, रु.54,021 करोड़ की सकल बिक्री दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रु.56,101 करोड़ रुपये थी। पीबीटी रु.7,345 करोड़ के समक्ष रु.5,388 करोड़ और पीएटी रु.4,903 करोड़ के समक्ष रु.3,602 करोड़ रुपये रहा। पीबीटी और पीएटी में मुख्य रूप से पेट्रोकेमिकल और एलएचसी की कीमतों में क्रमश: 22% और 17% की कमी के कारण 27% की गिरावट दर्ज की गई।

समेकित आधार पर, वित्त वर्ष19 की तृतीय तिमाही में रु.56,892 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष20 की तृतीय तिमाही तक सकल बिक्री रु.54,525 करोड़ रही। वित्त वर्ष19 की तृतीय तिमाही में रु.5,029 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 20 की तृतीय तिमाही तक पीएटी रु.4,701 करोड़ रहा।

गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कर्नाटक ने कहा कि कंपनी पेट्रोकेमिकल्स की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट के बावजूद वित्त वर्ष20 की तृतीय तिमाही में लाभ में वृद्धि हासिल करने में सफल रही है। यह पाता में पेट्रोकेमिकल इकाई के उपयोग की क्षमता 100% से अधिक बढ़ने के साथ वित्त वर्ष20 की द्वितीय तिमाही की तुलना में बेहतर प्रचालन क्षमता और भौतिक कार्य-निष्पादन का नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि गेल देश की गैस अर्थव्यवस्था को नया रूप देने में तेजी से काम करके भारत की ऊर्जा में प्राकृतिक गैस के शेयर का 15% तक विस्तार करने के भारत सरकार के साथ है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतरिम लाभांश @64% घोषित किया है अर्थात् रु.6.40 प्रति इक्विटी शेयर।